# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रा०),
## सिद्धार्थनगर

Mob No-9473942704 Email ID- upjnrsiddharthnagar@upjn.co.in

पत्रांक 1352 / डब्लू–18 / 440 दिनांक 26.07.2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सिद्धार्थनगर।

विषयः– *"ई–समाचार पत्र "दैनिक अमर उजाला " में प्रकाशित खबर "समय सीमा पूरी होने के डेढ़ साल बाद भी पानी की टंकी का निर्माण अधूरा" के सम्बन्ध में।*

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 26.07.2026 को दैनिक अमर उजाला में प्रकाशित शीर्षक *"समय सीमा पूरी होने के डेढ़ साल बाद भी पानी की टंकी का निर्माण अधूरा"* विकास खण्ड मिठवल के गोहर पाइप पेयजल योजना का कार्य मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0) द्वारा संपादित कराया जा रहा है। उक्त पेयजल योजना में नलकूप 100 प्रतिशत, पम्प हाउस 90 प्रतिशत, बाउन्ड्रीलवाल 90 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय 40 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 12791 मी0 के सापेक्ष 7549 मी0, गृह संयोजन 559 के सापेक्ष 110 एवं सोलर 100 प्रतिशत का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। विगत 18 माह से फर्म का भुगतान लम्बित होने के कारण योजना का कार्य प्रभावित हुआ है। दिनांक 26.07.2026 को खण्ड के जूनियर इंजीनियर श्री ज्योतिष चौधरी, फर्म के इंजीनियर श्री सुमित कुमार एवं श्री विकास भारती की उपस्थिति में योजना का निरीक्षण किया गया, निरीक्षणोंपरान्त फर्म द्वाराअवगत कराया गया है कि उक्त पेयजल योजना का कार्य 20 दिवस में प्रारम्भ करने हेतु आवश्वस्त किया गया है।

उक्त पेयजल योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने हेतु फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को कार्य प्रारम्भ कराते हुये कार्य स्थल का फोटोग्राफ सहित खण्ड कार्यालय को अवगत कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0स0 एवं दिनांक यथोपरिः–

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– श्री अमर बहादुर, सहायक अभियन्ता।
2– श्री ज्योतिष चौधरी, जू0इं0।
3– मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0), सिद्धार्थनगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner